चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक : 15.10.2022

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 10 शिक्षकों को उनके शोध, अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों में दक्षता एवं उत्कृष्टता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों में :–

1. प्रो० वाई विमला
2. प्रो० राकेश गुप्ता
3. प्रो० ए०के० चौबे
4. प्रो० बीरपाल सिंह
5. प्रो० एनसी लोहनी
6. प्रो० शिवराज सिंह
7. डॉ० नाजिया तरन्नुम
8. डॉ जमाल अहमद सिद्दकी
9. डॉ० सचिन कुमार

10 डॉ० योगेन्द्र कुमार गौतम हैं।

उक्त शिक्षकों द्वारा उच्च कोटि के गुणवत्तापरक शोध राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित कराए हैं। साथ ही इनमें से कुछ शिक्षकों द्वारा पेटेन्ट की कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा इनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में और अधिक गुणवत्तापरक शोध को प्रोत्साहन देने हेतु इस प्रकार के आयोजन कराता रहा है। इस बार इन उक्त शिक्षकों को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मान पत्र प्रदान करने के साथ–साथ ₹5000 प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो० संगीता शुक्ला द्वारा इन सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि हम निरंतर शोध कार्यों में संलग्न रहते हुए नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए तथा विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पटल पर शिखरता की ओर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह शिक्षकों का सम्मान उसी कडी का एक हिस्सा है। इससे पूर्व शोधार्थियों को उनके शोध कार्यों में गुणवत्ता आए तथा वह अपना कार्य सुगमता से कर सकें, इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा ₹5000 प्रति माह शोध फेलोशिप प्रदान कर रहा है। यह योजना निरंतर जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए भी इंक्यूबेशन सेल द्वारा छात्र–छात्राओं को आर्थिक सहायता देने के साथ–साथ एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपेक्षा करती हूं कि हमारे सभी शिक्षक साथी एकजुट होकर बहुविषयक शोध पर केंद्रित होते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कार्य में संलग्न रहे।

छायाचित्रों में समारोह की झलकियां :

आज़ादी का

RAJA MAHENDRA PRATAP LIBRARY
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
आज़ादी का
अमृत महोत्सव

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ